राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुणीधार, मानिला (अल्मोड़ा)

विज्ञप्ति

दिनांक : 13.05.2024

(शोध सहायक पद पर अस्थायी नियुक्ति हेतु)

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना : 2023–24 के अंतर्गत चयनित शोध परियोजना हेतु शोध सहायक के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। यह शोध परियोजना उत्तराखंड सरकार द्वारा वित्त पोषित एक विशुद्ध एवं समयबद्ध शोध परियोजना है, जिसका शीर्षक – लोक संस्कृति संरक्षण में संचार माध्यमों की भूमिका : मुद्दे एवं चुनौतियाँ 'कुमाऊँनी लोक साहित्य के विशेष संदर्भ में' है।

पद एवं अर्हता संबंधी विवरण

पदनाम	शोध सहायक (01 पद)
मानदेय	5000.00 प्रतिमाह (समेकित/नियत)
कार्यकाल/कार्य की समयावधि	नियुक्ति (कार्यभार ग्रहण करने) की तिथि से 28 फरवरी, 2026 अथवा शोध कार्य पूर्ण होने की तिथि तक, जो भी पहले हो।
पद की प्रकृति	अस्थायी
अनिवार्य अर्हता	1. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुणीधार मानिला अल्मोड़ा के स्नातकोत्तर कला संकाय का नियमित छात्र हो। 2. हिन्दी एवं कुमाऊँनी भाषा का ज्ञान हो।
अधिमानी अर्हता	1. स्नातकोत्तर हिन्दी विषय में अध्ययनरत हो। 2. कुमाऊँनी संस्कृति का ज्ञान। 3. कम्प्यूटर का ज्ञान (माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एवं एक्सेल में कार्य करने का अनुभव)। 4. हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाइपिंग का ज्ञान।

महाविद्यालय में अध्ययनरत उपरोक्त अर्हता पूर्ण करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों से विस्तृत बायोडाटा एवं प्रमाण पत्र की पीडीएफ प्रति 18 मई, 2024 तक आमंत्रित की जाती है।

बायोडाटा के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने अनिवार्य हैं –

1. बी0ए0 अंतिम वर्ष का अंक पत्र।
2. महाविद्यालय द्वारा जारी नवीनतम (वर्तमान कक्षा का) परिचय पत्र।
3. कम्प्यूटर एवं टाइपिंग से संबंधित प्रमाण पत्र (यदि कोई हो)।

- बायोडाटा प्रेषित करने हेतु ईमेल आईडी – **piprojectgpgckm@gmail.com**
- आवेदन करने की अंतिम तिथि : 18 मई, 2024 (सायं 05 बजे तक)।
- साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान की सूचना साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

नियम और शर्तें :

1. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भुगतान संस्था के द्वारा नहीं किया जाएगा।
2. चयनित शोध सहायक को शोध कार्य में अरूचि दिखाने अथवा अनुशासनहीनता की स्थिति में कार्यकाल के मध्य नियमानुसार हटाया जा सकता है।
3. किसी अन्य संस्था द्वारा किसी भी प्रकार की अन्य फैलोशिप अथवा छात्रवृत्ति पाने वाला अभ्यर्थी इस पद के लिए अर्ह/पात्र नहीं होगा।

प्रतिहस्ताक्षर
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कुणीधार, मानिला (अल्मोड़ा)

मुख्य अन्वेषक
मु0उ0शि0शो0प्रो0यो0 : 2023–24
रा0 स्ना0 महाविद्यालय कुणीधार
मानिला, अल्मोड़ा
डॉ0 गार्गी लोहनी
असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी विभाग)
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुणीधार
मानिला (अल्मोड़ा)

Scanned with OKEN Scanner